



# मनरेगा के कार्यों में फर्जी मस्टर व मूल्यांकन का खेल जारी

**नवभारत न्यूज**

पन्ना 8 अक्टूबर। समूचे जिले की अधिकांश पंचायतों में फर्जी मस्टर रोल व मूल्यांकन का खेल चल रहा है। जिले की फर्जी ट्रेडर्स कम्पनियों के बिल पंचायतों के निर्माण कार्यों में लगाये गये हैं जिनके द्वारा न तो कभी खनिज विभाग को रॉयल्टी दी जाती है और न ही उनके पास खरीदने बेंचने का रिकार्ड रहता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिरकार जिले में हो क्या रहा है प्रशासनिक अधिकारियों के संरक्षण में भ्रष्टाचार क्यों बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि निर्माण कार्य के लिए नियम है जिसके तहत प्राक्कलन तैयार कर समय पर कार्य व मूल्यांकन सहित अन्य कार्य शामिल हैं। किंतु यहां अंधेरगर्दी मची हुई है। जिले के ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य के बगैर ही पंचायत सचिव के द्वारा एक ट्रेडर्स के नाम पर लाखों रुपए आहरित कर लिए गए। पूरे जिले में सांठ-गांठ कर पुन: फर्जी मस्टर रोल व मूल्यांकन करने का खेल जारी है। कुल मिलाकर फर्जीवाडे का खेल




चल रहा है। विभिन्न जनपदों के सीईओ एवं एपीओ भी इस कार्य में पूरी तरीके से संलिप्त हैं। जिनके द्वारा कार्यवाई करने के बजाय खुलेआम नियम विरुद्ध कार्यों को संरक्षण दिया जा रहा है।

जनपद के अधिकारी फर्जी मूल्यांकन का बनाते हैं दबाव:- जनपद पंचायत अंतर्गत 15वें वित्त योजना एवं मनरेगा से हो चुके निर्माण कार्यों का उपयंत्री अपने कमरे में बैठकर मूल्यांकन कर दिए हैं। इसके कारण बनते ही पुलिया एवं अन्य कार्य क्षतिग्रस्त होने लगे हैं।

कार्यों में गुणवत्ता की काफी कमी देखने को मिल रही है। पहली बरसात के बाद ही उक्त कार्यों की परत खुल चुकी है यदि निर्माण कार्य करा रहे सरपंच सचिवों को सही तरीके से दिशा-निर्देश दें तो कुछ हद तक कार्यों में गुणवत्ता बनी रह सकती है। यदि सरपंच-सचिव ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग के मापदंडों के अनुसार निर्माण कार्य नहीं करते तो उपयंत्री जैसा और जितना कार्य कराया गया था उतना मूल्यांकन करते तो शायद शासन के करोड़ों रुपयों की बचत हो जाती। आलम यह है कि न जाने ऐसे कितने आदेश बेअसर हुए होंगे। यही नहीं जो मापदंड खुदाई सहित लंबाई चौडाई का होना चाहिए उसका पालन भी नहीं किया गया है। साफतौर पर दिख रहा है कि शासकीय राशि को खपाकर सिर्फ बंदरबाट करने का तरीका निकाला गया है।

# जुगरवारा में फांसी लगाकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 8 अक्टूबर। शाहनगर क्षेत्र के जुगरवारा गांव के दर्हा हार में रामपुर खजुरी निवासी संतोष आदिवासी उर्फ बाबा ( उम्र लगभग 55 वर्ष ), पिता पुंदीलाल आदिवासी का शव आज बुधवार सुबह करीब 8 बजे एक पलास के पेड़ से लटका हुआ मिला।**

ग्रामीणों की सूचना पर शाहनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया।मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। शाहनगर थाना प्रभारी मनोज यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच जारी है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# लाखों की चोरी का एक माह बाद भी सलेहा पुलिस नहीं कर पाई खुलासा

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 8 अक्टूबर। सलेहा थाना पुलिस मे एक शासकीय शिक्षिका के घर मे हुई चोरी के मामले का खुलासा लगभग एक माह होने जा रहा है अभी तक नहीं कर पाई जिसको लेकर लोगों मे तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।**

ज्ञात हो कि सलेहा थाना अन्तर्गत पटना तमोली निवासी शिक्षिका शिक्षिका श्रीमती लक्ष्मी चौरसिया पति संतोष चौरसिया के घर हुई लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर और नगदी की चोरी की घटना को 20 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन सलेहा थाना पुलिस अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। पुलिस की इस ढीली कार्रवाई से पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। जानकारी के अनुसार शिक्षिका श्रीमती लक्ष्मी चौरसिया के घर 06 सितंबर 2025 से 15 सितंबर के बीच अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया था। शिक्षिका उस दौरान अपने बेटे के इलाज के लिए भोपाल गई हुई थीं। चोरों ने पेटी और अलमारी में रखे करीब 1.70 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों और नकदी पर हाथ साफकर दिया था। 15 सितंबर को घर लौटने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद श्रीमती चौरसिया ने तत्काल सलेहा पुलिस थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर सलेहा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। चोरी की घटना को लगभग एक माह होने जो रहा है। पीड़ित परिवार लगातार पुलिस थाने के चक्कर लगा रहा है, लेकिन पुलिस की ओर से उन्हें कोई ठोस जानकारी या प्रगति नहीं बताई जा रही है। पीड़ित श्रीमती लक्ष्मी चौरसिया का कहना है कि उनकी गाढ़ी कमाई व गहने चोरी हो गया है और पुलिस की निष्क्रियता से उनकी चिंता और परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

# पुलिस ने जिले के विभिन्न थानों में आयोजित किए साइबर जागरुकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 8 अक्टूबर। इंडियन सायबर क्राइम क्कार्डिनेशन सेंटर द्वारा अक्टूबर 2025 माह को राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाए जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश के आदेशानुसार, पूरे माह भर प्रदेश में सायबर अपराधों की रोकथाम एवं नागरिकों में सायबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।**

इसी क्रम में पन्ना जिले में भी




पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सायबर जागरूकता गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। जिले के थाना कोतवाली, थाना सुनवानी, थाना सिमरिया एवं थाना शाहनगर में सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें नागरिकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी लिंक, ओटीपी शेयरिंग, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करने, फेक कस्टमर केयर नंबर, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा राष्ट्रीय सायबर पोर्टल के उपयोग संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुलिस द्वारा सायबर सुरक्षा से संबंधित पोस्टर, बैनर एवं पंपलेट वितरित कर नागरिकों से सतर्क नागरिक - सुरक्षित समाज का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को अपने परिवार एवं मित्रों को सायबर सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा करने हेतु प्रेरित किया गया। पन्ना पुलिस द्वारा आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय-अशासकीय संस्थानों एवं जनस्थलों पर इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे ताकि प्रत्येक नागरिक सायबर अपराधों से सुरक्षित रह सके।

# आंगनबाड़ी केन्द्र में लगाया विधिक सेवा शिविर

पन्ना 8 अक्टूबर। महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को नगर के वार्ड क्रमांक 05 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में विधिक सेवा शिविर लगाया गया। इस मौके पर जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन ने उपस्थित महिलाओं को महत्वपूर्ण विधिक सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की भूमिका के बारे में भी अवगत कराया गया। सखी केन्द्र की प्रशासक कविता पाण्डेय ने विपत्तिग्रस्त महिलाओं और बालिकाओं की सहायता एवं सुविधा संबंधी प्रक्रिया की जानकारी दी।

# पन्ना टाइगर रिजर्व अन्तर्गत वन्यजीव संरक्षण सप्ताह-2025 का समापन

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 8 अक्टूबर। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पन्ना टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रम 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर 2025 तक मनाया गया। इस वर्ष वन्यजीव सप्ताह के आयोजन में ष्डपेपवद स्पथ्म्ष् और ष्ैंल छव जव च्सेंजपबष् शामिल किया गया है।**

इस अवसर पर वन एवं वन्यजीवो के संरक्षण के प्रति सामान्य जन, छात्र/छात्राओं में जाग्रति एवं रूचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन




किया। जिसमें पन्ना टाइगर रिजर्व के समस्त परिक्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगितायें आयोजित की गई। सप्ताह भर चली चित्रकला, निबंध, क्विज, वाद-विवाद एवं वाल पेंटिग प्रतियोगिताओं में पन्ना नगर के 15 विद्यालय/महाविद्यालय के लगभग 250 छात्र/छात्राओ ने भाग लिया जिसमें निम्नानुसार प्रतिभागी विजेता हुये। वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओ के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम शासकीय छत्रशाल महाविद्यालय, पन्ना में आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य छत्रशाल महाविद्यालय, पन्ना, उप उसंचालक, पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में पार्क के सहायक संचालक पन्ना/मड़ला, परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना कोर, पार्क सुरक्षा अधिकारी, कार्यालयीन एवं क्षेत्रीय स्टाफ, स्कूलों के शिक्षक, छात्र/ छात्राये, आम नागरिक सम्मिलित हुये।

# गुनौर विधायक आज साइकिल वितरण समारोह में होंगे शामिल

पन्ना 8 अक्टूबर। गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा गुरूवार, 9 अक्टूबर को सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय गुनौर में दोपहर 12 बजे साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे और विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण करेंगे। इस मौके पर छात्र-छात्राओं से संवाद भी होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावकगण भी शामिल होंगे।




# धर्म स्वयं भगवान द्वारा सृजित जीवन जीने की है उत्कृष्ट पद्धति : आचार्य आनन्द

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 8 अक्टूबर। हमारा सनातन वैदिक हिन्दू धर्म ही एक मात्र धर्म है। विश्व मे अन्य तथाकथित धर्म, धर्म नहीं वे पंथ हैं। धर्म स्वयं भगवान द्वारा सृजित जीवन जीने की उत्कृष्ट पद्धति है। अन्य धर्म जो धर्म नहीं पंथ हैं, समय समय पर मनुष्यों क द्वारा अपनी तरह की जीवन शैली, सिद्धातों की रचना करकें अपने अनुयायियों द्वारा उसे पालन कराने की प्रारंभ प्रक्रिया है।**

कोई पंथ 2000 तो कोई 3000 वर्ष पुराना है और अपने आप में अपूर्ण है। किसी में विश्व बंधुत्व की बात नहीं कही गयी है। हमारा सनातन धर्म भगवान की तरह ही अनादि काल से है और अनन्त काल तक रहेगा। वसुदैव कुटुम्बकम की अवधारणा से युक्त हमारी सनातन हिन्दू संस्कृति की व्याख्या वेदों, पुराणों, उपनिषदों, स्मृतियों संहिताओं एवं अन्य बहुत से ग्रंथों में व्यापक रूप से वर्णित तथा अपने आपमें सम्पूर्ण तथा सभी सृष्टि व जीवन अंशों की विस्तृत व्याख्या करता है। हमें इस पर गर्व होना चाहिए। इन आशय के विचार श्री जुगलकिशोर मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस जगद्गुरू श्री रामनन्दाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के कृपापात्र शिष्य आचार्य पं आनन्द प्रकाश गौतम ने व्यक्त किये। आज की कथा में कंस उद्धार, रूक्मिणी विवाह उद्वव गोपी संवाद आदि लीला कथाओं की मधुर व्याख्या की गयी। कथा प्रांगण में विशाल उपस्थिति सनातन संस्कृति, के प्रति पन्ना नगर की धर्म प्रिय जनता की आस्था को प्रदर्शित करती हैं। कथा में मुख्य रूप से दिनेश द्विवेदी, मुकुन्द उपाध्याय, अरूणलता श्रीवास्तव, गोविन्द विश्वकर्मा, हिमांशु विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, आयुष उपाध्याय, बृजकिशोर द्विवेदी, अनुपम पाण्डेय, डॉ. आर. पी. शुक्ल, रागिनी शुक्ल उपस्थित रहे।

# बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती

**नवभारत न्यूज**

**अजयगढ़/पन्ना 8 अक्टूबर। आज नगर अजयगढ़ के रामलीला मैदान में स्थित हाल पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने अपने ईष्ट अपने देवता गुरु महर्षि वाल्मीकि जी आदि कवि रामायण रचयिता की जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई।**

सर्वप्रथम हमारे अतिथियों ने महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं समाज को शिक्षित संगठित और संघर्ष करने की बात कही गई मुख्य नगर पालिका अधिकारी जी के द्वारा भी समाज को नई दिशा देने की बात




कही गई।

समाजसेवी संजय सुल्लेरे के द्वारा भी समाज को आगे कैसे बढ़ता है इस पर चर्चा की गई इस कार्यक्रम में वाल्मीकि महापंचायत के हमारे अशोक कुमार बोहत की अध्यक्षता रही हमारे आज के वाल्मीकि समाज के मुख्य अतिथि नगर परिषद अजयगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह दिवाकर खरे की भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता समाजसेवी संजय सुल्लेरे प्रमोद तिवारी, देवेंद्र गुप्ता नगर परिषद अजयगढ़ के सफाई कर्मचारियों के अध्यक्ष दिनेश कुमार बोहत, अनिल बुआ, राकेश वाल्मीकि आदि लोग शामिल रहे एवं समाज के सभी लोगों ने मुख्य अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# वाल्मीकि समाज ने पवई में मनाई महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती

## गाजे बाजे के साथ नगर में निकाली गई शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज**

**पवई 8 अक्टूबर। देशभर में भगवान राम की जीवन गाथा रामायण की रचना करने वाले महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। इसी कड़ी में मंगलवार को बाल्मीकि समाज के द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती।**

सबसे पहले उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया जिसके बाद समाज के द्वारा गाजे बाजे के साथ पवई नगर में भगवान वाल्मीकि की विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में बाल्मीकि



समाज के लोग मौजूद रहे। बता दें कि भगवान वाल्मीकि का जन्म आश्विन माह की पूर्णिमा के दिन माना जाता है।

वाल्मीकि नारद जी के उपदेश से और राम नाम के निरंतर जप करने से दूरदर्शी, त्रिकाल दर्शी बने इसके अलावा जब उनके परिवार ने उनके पापों में भागीदार होने से इनकार कर दिया तो उन्होंने कठोर तपस्या के दौरान दीमक के टीलों में रहने के कारण उनका नाम वाल्मीकि पड़ा इसके बाद वह रामायण के रचयिता बने।



# उपसंचालक कृषि ने अजयगढ़ ब्लॉक के ग्रामों में किया खरीफ फसलों का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**अजयगढ़/पन्ना 8 अक्टूबर। पन्ना जिले के अजयगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिन्हाई, नयागांव एवं आसपास के अन्य गांवों में उपसंचालक कृषि ए.पी. सुमन ने खरीफ फसलों का निरीक्षण किया।**

इस अवसर पर एडीए एन.पी. प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अरुणपाल बागरी, तथा कृषि विस्तार अधिकारी दीपक मंडलोई, प्रकाश वर्मा, रामविजय लोधी और शुभम सिंह उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों से धान फसल की स्थिति, रोग एवं कीट नियंत्रण, उर्वरक प्रबंधन और सिंचाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि फसल की अच्छी पैदावार के लिए खरपतवार नियंत्रण, संतुलित पोषण प्रबंधन, और समय पर रोग नाशी दवाओं का छिड़काव किया जाए। इस अवसर पर किसान राजेंद्र यादव, लखन कुशवाहा, ज्योतिसिंह, भानसिंह यादव, देवनारायण लोध, दिपेन्द्र लोध, तिजोला अहिरवार, जोहरीलाल, पप्पू दुबे सहित अन्य किसान उपस्थित रहे। किसानों ने बताया कि कृषि विभाग के मार्गदर्शन से उन्हें खेती में नई तकनीक और योजनाओं की जानकारी मिल रही है। उपसंचालक ए.पी. सुमन ने कहा कि विभाग किसानों के हित में निरंतर कार्यरत है और किसी भी समस्या की स्थिति में किसान सीधे कृषि अधिकारियों से संपर्क करें।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान, नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 8 अक्टूबर। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 2 से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान संचालित किया जा रहा है।**

इसके माध्यम से पशुपालकों को नस्ल सुधार एवं पशु स्वास्थ्य व पोषण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी एवं मैत्री पशुपालक और किसानों से घर-घर जाकर संपर्क कर विभागीय योजनाओं जैसे कृत्रिम गर्भाधान से नस्ल सुधार, सेक्सड सॉर्टेड सीमन तकनीक, एंब्रियो ट्रांसफर तकनीक, पशु पोषण, बीमारियों से पशुओं का बचाव और टीकाकरण के बारे में जानकारी प्रदान कर जागरूक कर रहे हैं। म.प्र. राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम भोपाल के प्रबंध संचालक एवं राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी डॉ. सत्यनिधि शुक्ला द्वारा गत दिवस जिले में क्रियान्वित अभियान का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

# नरेन्द्र कुमार त्रिवेदी प्रेक्षक नियुक्त

पन्ना 8 अक्टूबर। म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पन्ना जिले में नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी नरेन्द्र कुमार त्रिवेदी को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री त्रिवेदी का मोबाइल नम्बर 9425428520 है। प्रेक्षक द्वारा आगामी 14 से 19 अक्टूबर तक नगरीय निकायों और पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का भ्रमण कर पर्यवेक्षण किया जाएगा।

# फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत हुआ मतदाता सूची का प्रकाशन

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 8 अक्टूबर। म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है।**

जिसके तहत 8 अक्टूबर को नगर परिषद ककरहटी को छोड़कर शेष सभी 6 नगरीय निकायों पन्ना, पवई, अजयगढ़, गुनौर, अमानगंज और देवेन्द्रनगर के कुल 103 वार्डों में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर आगामी 17 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक दावे-आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। जिले की समस्त 386 ग्राम पंचायतों के मुख्यालय पर भी सूची का प्रकाशन कर नियत केन्द्रों पर दावे आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। निर्धारित केन्द्रों पर प्राधिकृत कर्मचारी के पास एक जनवरी 2025 की स्थिति में प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची उपलब्ध है। आमजन इसका अवलोकन कर प्रारंभिक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने, नाम विलोपन, प्रविष्टि में संशोधन अथवा नाम स्थानांतरित कराने के लिए दावा आपत्ति केन्द्रों पर निर्धारित तिथि तक उपस्थित होकर नियत प्रपत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) मधुवंतराव धुर्वे ने भी जिले के सभी पात्र मतदाताओं से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित अन्य कार्यवाही के संबंध में अपील की है।

# वन्य प्राणी सप्ताह-2025 के अंतिम दिवस दक्षिण पन्ना में जनजागरुकता एवं सहभागिता के हुए विविध कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**पन्ना 8 अक्टूबर। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह 2025 के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमंडल अंतर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाने हेतु अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।**

इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों, ग्रामीणों एवं आमजन में वन्यजीवों के संरक्षण, सह-अस्तित्व और पर्यावरणीय संतुलन के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा। दिनांक 8 अक्टूबर को वन परिक्षेत्र मोहन्द्रा में वन परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देशन में पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल एवं कन्या हाई स्कूल मोहन्द्रा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता, व्याख्यान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। विजेता छात्रों को बैग, वॉलीबॉल एवं फुटबॉल जैसी पुरस्कार सामग्री दी गई। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण साहित्यकार कवि एवं गायक जगदीश प्रसाद अहिरवार की वन चालीसा एवं अपना है यह वन




भैया, इसे मिलजुलकर बचाना है जैसी लोकप्रिय कविताओं की प्रस्तुति रही, जिसने विद्यार्थियों में गहरी छाप छोड़ी।

इसी दिन वन परिक्षेत्र सलेहा में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रंगोली, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने वन्यजीव संरक्षण विषय पर अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित की और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। वन परिक्षेत्र शाहनगर अंतर्गत कुनिया में आयोजित बैठक के दौरान मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व एवं सुरक्षा पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया एवं ग्रामवासियों को वन्य प्राणियों के प्रति संवेदनशीलता अपनाने की अपील की गई।

इसी प्रकार वन परिक्षेत्र शाहनगर अंतर्गत रमगढ़ा में ग्राम वन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यमंत्री एवं राज्य वन मंत्री के संदेश का वाचन किया गया तथा उपस्थित ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष लक्ष्मीबाई आदिवासी को बांस की चटाई प्रदान की गई।

इन विविध कार्यक्रमों के माध्यम से दक्षिण पन्ना वनमंडल ने वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह को सार्थक रूप से मनाते हुए विद्यार्थियों, ग्रामीणों एवं समाज के विभिन्न वर्गों में वन्यजीवों एवं वनों के प्रति जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया। यह जनसहभागिता भविष्य में संरक्षण प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाएगी।